Govt. Registered Social Justice Union

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शुक्रवार 18 अक्टूबर 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-07, अंक- 22

## महत्वपूर्ण एवं खास

### मथुरा सड़क हादसे में चार मजदूरों की मौत, सीएम योगी ने तुरंत लिया संज्ञान, अधिकारियों को दिए जरूरी निर्देश

**लखनऊ (आरएनएस)।** यूपी के मथुरा में गुरुवार को एक भीषण सडक़ हादसा हुआ। हादसे में चार लोगों की मौत हो गई और पांच लोग घायल हो गए। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस हादसे का संज्ञान लिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है। सीएम योगी ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। बता दें कि मथुरा में गुरुवार सुबह हुए भीषण सडक़ हादसे में चार मजदूरों की दर्दनाक मौत हो गई और 5 लोग घायल हुए। मृतकों में दो महिला और दो बच्चे भी शामिल हैं। सभी मृतक और घायल बिहार के गया जिले के रहने वाले बताए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार ये मजदूर अलीगढ़ से कोसी होकर मजदूरी करने पिकअप में सवार होकर हरियाणा को जा रहे थे।

### विदेशी नागरिकों को बनाया जाता था ठगी का शिकार, पुलिस ने 2 फर्जी कॉल सेंटर का किया पर्दाफाश; 43 गिरफ्तार

**नोएडा (आरएनएस)।** नोएडा पुलिस ने विदेशी नागरिकों के कंप्यूटर सिस्टम में छेड़छाड़ कर ठगी करने वाले दो कॉल सेंटर का पर्दाफाश किया है। इस मामले में 43 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें कई महिलाएं भी शामिल हैं। ठगी का कॉल सेंटर सेक्टर-63 और फेज तीन थानाक्षेत्र में संचालित हो रहा था। सेंट्रल नोएडा डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि विभिन्न एजेंसियों से इनपुट मिला था कि जिले में ऐसे कॉल सेंटर संचालित हो रहे हैं, जो अमेरिका और कनाडा के नागरिकों के साथ ठगी करता है। इसके बाद कॉल सेंटर का पर्दाफाश करने के लिए कई टीमें बनाई गई। बुधवार को पुलिस ने अलग-अलग जगहों पर छापेमारी कर दो कॉल सेंटर का पर्दाफाश किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से भारी संख्या में लैपटॉप, राउटर, मोबाइल, हेडफोन, फेडरल रिजर्व सिस्टम का फर्जी दस्तावेज समेत अन्य सामान बरामद किया।

### बरेली में रिश्वत लेते जेई गिरफ्तार

**बरेली (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के बरेली में किसान से ट्यूबवेल की बिजली कनेक्शन के नाम पर 30 हजार रुपए की मांग करने वाले अवर अभियंता को एन्टी करप्शन की टीम ने रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। टीम ने अवर अभियंता को गिरफ्तार कर फतेहगंज पश्चिमी थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। भ्रष्टाचार निवारण संगठन पुलिस उपाधीक्षक यशपाल सिंह ने बुधवार को बताया कि एन्टी करप्शन टीम ने नदौसी विद्युत उपकेंद्र में तैनात अवर अभियंता आबिद हुसैन को तीस हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता सुनील कुमार ग्राम बल्लिया ब्लाक व थाना फतेहगंज पश्चिमी के पिता नत्थू लाल के नाम से मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड में कृषि भूमि में सिंचाई के लिये ट्यूबवेल के कनेक्शन के लिये आवेदन किया था। अवर अभियंता आबिद हुसैन द्वारा ट्यूबवेल के विद्युत कनेक्शन के लिए स्थलीय सर्वे करने व एस्टीमेट बनाने के एवज में 30,000 रुपये रिश्वत की मांग की थी। जिसे शिकायत कर्ता द्वारा रिश्वत की रकम देते हुये रंगे हाथ पकड़वा दिया।

## बिहार में जहरीली शराब ने मचाया तांडव, 24 लोगों की मौत, कई लोगों की गई आंखों की रोशनी

**पटना** । आरएनएस



बिहार में जहरीली शराब ने कई लोगों मौत की नींद सुला दिया है। सीवान और छपरा के अलग-अलग गांवों में संदिग्ध परिस्थितियों में 24 लोगों की मौत हुई है और मृतकों की संख्या बढ़ती जा रही है। मृतक लोगों के परिजनों के मुताबिक, उनकी मौत जहरीली शराब पीने से हुई है।

जानकारी के अनुसार इन सभी ने घटना से दो दिन पहले शराब पी थी। जिसके बाद 12 से ज्यादा लोग बीमार पड़े, जिनका इलाज अलग-अलग अस्पतालों में चल रहा है। इनमे दो लोगों की आंख की रोशनी चली गई है। सीवान एसपी ने जिले में अवैध शराब पीने से 20 लोगों की मौत की पुष्टि की है। घटना के बाद एसआईटी का गठन किया गया है। पुलिस ने 8 लोगों पर एफआईआर दर्ज कर 3 आरोपियों की गिरफ्तारी की है। जहरीली शराब से हुई मौतों के कारण कई गांवों में मातम पसरा हुआ है। मृतकों के परिजन मौत की वजह जहरीली शराब बता रहे हैं। हालांकि, प्रशासन की ओर से इसको लेकर कोई पुष्टि नहीं की गई है।

घटना के बाद सीवान एसपी ने एक थानाध्यक्ष को लाइन हाजिर किया है, वहीं 2 चौकी इंचार्ज सस्पेंड किए गए हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसआईटी का गठन किया गया। छापेमारी की जा रही है। स्वास्थ्य महकमे को अलर्ट रखा गया है। लोगों की संदिग्ध मौतों का मामला मंगलवार-बुधवार को सामने आया। सीवान के सीमावर्ती सारण जिले के मशरक थाना क्षेत्र के इब्राहिमपुर गांव में दो लोगों की संदिग्ध हालातों में मौत हो गई और एक को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया। देर शाम तक जिले में कई मौतों के मामले सामने आए। इसके साथ ही सिवान जिले में भी ऐसी घटना से हडक़ंप मच गया। पुलिस प्रशासन को खबर मिलने पर अधिकारी प्रभावित गांवों में पहुंचे। ग्रामीणों द्वारा बताया गया है कि एक दिन पहले ही इलाके में मछली पार्टी का आयोजन किया गया था। जिसमें शराब का भी सेवन किया गया। शराब के पीने के बाद से ही इसे पीने वाले लोगों की तबियत खराब होने लगी। बता दें कि बिहार में 2016 से शराबबंदी है, इसके बाद भी जहरीली शराब से मौतों के मामले सामने आते रहते हैं।

## रक्षा मंत्रालय को मिला 6 करोड़ का राजस्व और 3.80 लाख वर्ग फीट जगह

**नई दिल्ली** । आरएनएस



रक्षा मंत्रालय ने 6 करोड़ रुपए से अधिक का राजस्व अर्जित किया। खास बात यह है कि यह राजस्व अनावश्यक वस्तुओं के निपटान से अर्जित किया गया है। रक्षा मंत्रालय का कहना है कि उसके अंतर्गत आने वाले रक्षा उत्पादन विभाग (डीडीपी) द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इस स्वच्छता अभियान के कारण जहां करोड़ों रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है, वहीं लाखों स्क्वायर फीट स्थान भी बेकार पड़े सामान से मुक्त हुआ है।

गुरुवार को इस संदर्भ में जानकारी देते हुए रक्षा मंत्रालय ने बताया कि महीने भर चलने वाले स्वच्छता अभियान 4.0 के अनुरूप रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों (डीपीएसयू) और संबद्ध कार्यालयों में स्वच्छता नियमों को लागू किया गया है। इसके अंतर्गत बिना देरी किए, कामों को पूरा करने पर मुख्य जोर दिया जा रहा है।

मंत्रालय का कहना है कि अभी तक 1,444 स्वच्छता अभियान चलाए गए हैं। इन अभियानों के मध्य तक विभाग ने कई बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं। इन अभियानों के अंतर्गत 16,599 फाइलों, रिकॉर्डों की समीक्षा की गई है और उन्हें छांटने के लिए अलग किया गया है।

लगभग 1.5 लाख मीट्रिक टन अप्रयुक्त वस्तुओं का निपटान करके 3.80 लाख वर्ग फीट से अधिक स्थान मुक्त किया गया है।

स्क्रैप या अनावश्यक वस्तुओं के निपटान से 6 करोड़ रुपए से अधिक का राजस्व अर्जित किया गया है। यह उपलब्धि हाल ही में किए गए स्वच्छता संबंधी क्रियाकलापों से प्राप्त हुई है। इस दौरान लगभग 99 जन शिकायतों का निपटारा किया गया। कुल 82 लोक शिकायत अपीलों का निपटारा भी किया गया है।

विभाग विशेष अभियान 4.0 में निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने का प्रयास कर रहा है। इस पहल की प्रगति की नियमित आधार पर उच्चतम स्तर पर निगरानी की जा रही है। अभियान के बारे में लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए सोशल मीडिया, बैनर, पोस्टर और आकर्षक पेंटिंग प्रतियोगिताओं सहित कई माध्यमों का इस्तेमाल किया जा रहा है।

## संजीव खन्ना हो सकते हैं सुप्रीम कोर्ट के अगले मुख्य न्यायाधीश, सीजेआई चंद्रचूड़ ने केंद्र सरकार को भेजा नाम

**नई दिल्ली** । आरएनएस



नवंबर 2024 को सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ अपने पद से रिटायर हो रहे हैं। देश के अगले चीफ जस्टिस के लिए उन्होंने जस्टिस संजीव खन्ना का नाम केंद्र सरकार को भेज दिया है। आपको बता दें कि सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति आमतौर पर वरिष्ठता के सिद्धांत के अनुसार ही की जाती है।

सीजेआई सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम के प्रमुख होते हैं, जो सुप्रीम कोर्ट और देश के विभिन्न हाईकोर्ट में जजों की नियुक्ति की सिफारिश करता है। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ 2 साल तक पद पर रहने के बाद सेवानिवृत्त होने वाले हैं। अपना कार्यकाल समाप्त होने से पहले उन्होंने अपने उत्तराधिकारी के नाम की सिफारिश कर दी है।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना 11 नवंबर 2024 को 6 महीने के कार्यकाल के लिए मुख्य न्यायाधीश के रूप में पदभार ग्रहण करेंगे। वह 13 मई 2025 तक अपने पद पर बने रहेंगे। इसके बाद वह रिटार हो जाएंगे। जनवरी 2019 में उन्हें दिल्ली हाईकोर्ट से सर्वोच्च न्यायालय में प्रमोट किया गया था। वे वर्तमान में कंपनी कानून, मध्यस्थता, सेवा कानून, समुद्री कानून, नागरिक कानून और वाणिज्यिक कानून सहित अन्य के लिए रोस्टर पर हैं।

पिछले साल वह 3 जजों वाली पीठ का हिस्सा थे, जिसने एससी और एसटी के लिए प्रमोशन में आरक्षण पर सुनवाई की थी। 2019 में उन्होंने प्रसिद्ध 'आरटीआई जजमेंट' में बहुमत से फैसला सुनाया था। 2022 में उन्होंने कहा कि मध्यस्थ एकतरफा अपनी फीस तय नहीं कर सकते।

## सिटीजनशिप एक्ट की धारा 6ए की वैधता बरकरार, सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

**नई दिल्ली** । आरएनएस

कोर्ट ने सिटीजनशिप एक्ट की धारा 6ए की वैधता पर अपना फैसला सुना दिया है। कोर्ट ने धारा 6ए की वैधता को बरकरार रखा है। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ का कहना था कि 6ए उन लोगों को नागरिकता प्रदान करता है जो संवैधानिक प्रावधानों के अंतर्गत नहीं आते हैं और ठोस प्रावधानों के अंतर्गत नहीं आते हैं।

सिटीजनशिप एक्ट की धारा 6र को 1985 में असम समझौते को आगे बढ़ाने के लिए संशोधन के बाद जोड़ा गया था। असम समझौते के तहत भारत आने वाले लोगों की नागरिकता के लिए एक विशेष प्रावधान के रूप में नागरिकता अधिनियम में धारा 6ए जोड़ी गई थी। इस धारा में कहा गया है कि जो लोग 1985 में बांग्लादेश समेत क्षेत्रों से 1 जनवरी 1966 या उसके बाद लेकिन 25 मार्च 1971 से पहले असम आए हैं और तब से वहां रह रहे हैं, उन्हें भारतीय नागरिकता प्राप्त करने के लिए धारा 18 के तहत अपना रजिस्ट्रेशन कराना होगा। इस प्रावधान ने असम में बांग्लादेशी प्रवासियों को नागरिकता देने की अंतिम तारीख 25 मार्च 1971 तय कर दी। इससे पहले दिसंबर 2023 में केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामे दायर किया था और कहा था कि वो भारत में अवैध प्रवास की सीमा के बारे में सटीक डेटा नहीं दे पाएगा क्योंकि प्रवासी चोरी-छिपे आए हैं।

सुको ने नागरिकता अधिनियम 1955 की धारा 6ए की वैधता बरकरार रखी और 4:1 के बहुमत से फैसला दिया। जस्टिस जे पारदीवाला ने असहमति जताई। जस्टिस पारदीवाला का कहना था कि यह संभावित प्रभाव से असंवैधानिक है। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस सूर्यकांत, एमएम सुंदरेश और मनोज मिश्रा बहुमत में रुख रहा। नागरिकता अधिनियम 1955 की धारा 6ए को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी। इन याचिकाओं पर सुको की पांच जजों की संविधान पीठ ने सुनवाई की और फैसला सुनाया। कोर्ट का कहना था कि असम में 40 लाख प्रवासी हैं और पश्चिम बंगाल में 56 लाख प्रवासी हैं। लेकिन इसका प्रभाव असम में ज्यादा है। इसलिए असम को अलग करना वैध है। 1971 की कटऑफ तिथि तर्कसंगत विचार पर आधारित है। ऑपरेशन सर्चलाइट के बाद पूर्वी पाकिस्तान से पलायन बढ़ा है।

## किश्तवाड़ में आग से हुई त्रासदी में 68 घर जलकर खाक

**❑ पीड़ितों ने सरकार से लगाई मदद की गुहार**

**किश्तवाड़** । आरएनएस



जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के मुलवाड़वान गांव में मंगलवार दोपहर लगी आग में 68 घर जलकर खाक हो गए। इस हादसे के बाद पीड़ितों ने मदद की गुहार लगाई है, उनका कहना है कि उनका अधिकांश सामान जलकर राख हो गया है। यह बहुत कठिन समय है। सरकार को हमारी मदद करनी चाहिए। स्थानीय लोग राहत सामग्री और सरकार से सहायता की उम्मीद कर रहे हैं।

खादमी चनवानी ने बताया कि आग ने पूरे गांव को अपनी चपेट में ले लिया था। किसी का कुछ भी नहीं बचा, सब कुछ जलकर राख हो गया। उन्होंने आगे कहा कि लोग रोते-बिलखते हुए खेतों में रहने को मजबूर हैं। किसी के पास कुछ नहीं बचा है। दमकल की टीम के पहुंचने तक पूरा गांव जलकर खाक हो चुका था। दमकल की गाड़ी को यहां आने में 6 घंटे लगे, स्थिति बहुत ही भयानक थी।

इस हादसे के बाद पीड़ितों ने मदद की गुहार लगाई है। आपने खुद बाजार में देखा है, इस गांव की हालत बहुत ही खराब है। लगभग 70-75 घरों को नुकसान हुआ है। हमने बहुत कोशिश की, लेकिन आग पर काबू नहीं पाया।

उन्होंने आगे कहा कि हम पिछले दस साल से सरकार से मांग कर रहे हैं कि यहां पर फायर सर्विस की गाड़ियां होनी चाहिए। हमारी सबसे पहली मांग यही है कि यहां दो फायर सर्विस गाड़ियां और एक एम्बुलेंस होनी चाहिए। अगर यह सेवाएं होती, तो इतने घर नहीं जलते। जब फायर सर्विस की गाड़ियां आईं, तब तक पूरा गांव जल चुका था। हमारी गुजारिश है कि प्रभावित परिवारों को आर्थिक लाभ दिया जाए, उनके लिए आवास की व्यवस्था की जाए, क्योंकि बर्फबारी का मौसम आने वाला है।

एक अन्य स्थानीय निवासी ने कहा कि हमारी मांग है कि प्रभावित लोगों के पुनर्वास की तुरंत व्यवस्था हो। सरकार को हमारी मदद करनी चाहिए, उन्हें मकान बनाने के लिए निर्माण सामग्री, जैसे सीजीएसटी शीट और नकद राशि उपलब्ध कराई जाए। इनकी हालत बहुत खराब है और सर्दियों का मौसम आने वाला है। यदि इनका आवास नहीं बना, तो स्थिति गंभीर हो जाएगी।

एक अन्य स्थानीय व्यक्ति ने कहा कि 15 तारीख को जो आग लगी, उससे पूरा गांव खत्म हो गया। कुछ मकान बचे हैं, लेकिन उनकी स्थिति भी ठीक नहीं है। यह चौथा हादसा है जो सीमा के पास हुआ है। यहां पर फायर सर्विस की सख्त जरूरत है। जिला प्रशासन और राज्य सरकार को इस पर ध्यान देना होगा। गांव में लगभग 130 परिवार हैं, और यहां पर कोई सरकारी संसाधन नहीं है। ना बिजली है, ना सडक़ें। सरकार की तरफ से कोई सुविधा नहीं है। हालांकि, पर्यटन की थोड़ी सी कोशिश हुई है, लेकिन वह भी पर्याप्त नहीं है।

इन सब के बीच प्रदेश के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला गुरुवार को पीड़ित परिवारों से मुलाकात करेंगे। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट पर लिखा, मैं आज वारवान, किश्तवाड़ जाकर उन परिवारों से मिलूंगा जिनका जीवन इस विनाशकारी आग से उलट-पुलट हो गया है।

## दौसा : पुलिस ने हरियाणा नंबर की कार से 1.96 करोड़ रुपए कैश बरामद किया

**दौसा** । आरएनएस

दौसा में पुलिस और फ्लाइंग स्क्वाड टीम (एफएसटी) ने विधानसभा उपचुनाव के चलते बड़ी कार्रवाई करते हुए एक हरियाणा नंबर की कार से एक करोड़ 96 लाख रुपये कैश बरामद किया है। यह कार्रवाई जयपुर-आगरा नेशनल हाईवे पर भांडारेज मोड़ के पास चैक पोस्ट पर वाहनों की जांच के दौरान हुई। पुलिस ने कार सवार से जब इस कैश के बारे में जानकारी मांगी, तो वह संतोषजनक जवाब नहीं दे सका।

कैश की बरामदगी और जांच प्रक्रिया

डीएसपी रवि प्रकाश शर्मा ने बताया कि विधानसभा उपचुनाव के मद्देनजर संदिग्ध गतिविधियों पर नजऱ रखने के लिए पुलिस चौकसी बरत रही है। इसी सिलसिले में जब हरियाणा नंबर की एक कार को रोका गया और तलाशी ली गई, तो उसमें से बड़ी मात्रा में कैश मिला। पूछताछ के दौरान कार सवार ने यह दावा किया कि कैश जयपुर में एक मकान की बिक्री से संबंधित है।

इसके बाद पुलिस ने मामले की सूचना इनकम टैक्स विभाग को दी। जयपुर से पहुंची इनकम टैक्स टीम ने मौके पर कैश की गिनती की और उसे अपने कब्जे में ले लिया। मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी गई है ताकि यह पता लगाया जा सके कि कैश का स्रोत और इसका उपयोग क्या था।

विधानसभा उपचुनाव के मद्देनजर पुलिस की सख्त निगरानी

विधानसभा उपचुनाव को देखते हुए पुलिस-प्रशासन ने संदिग्ध गतिविधियों की रोकथाम के लिए चौकसी बढ़ा दी है। इस घटना से साफ है कि पुलिस हर संदिग्ध गतिविधि पर पैनी नजऱ रख रही है और किसी भी अवैध गतिविधि को रोकने के लिए तत्पर है।

## जम्मू-कश्मीर में सड़क दुर्घटना में सीआरपीएफ के 19 जवान घायल

**श्रीनगर** । आरएनएस



जम्मू-कश्मीर के बडगाम जिले में गुरुवार को एक सडक़ दुर्घटना में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 19 जवान घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि 181 बटालियन एफ कंपनी के कर्मियों को ले जा रहे एक ट्रक पर बडगाम के खैगाम गांव में चालक ने नियंत्रण खो दिया।

एक अधिकारी ने बताया, चालक के नियंत्रण से बाहर होने के बाद सीआरपीएफ की 181-एफ कंपनी के कर्मियों को ले जा रहा ट्रक सडक़ से फिसलकर एक खाई में गिर गया। दुर्घटना में सीआरपीएफ के 19 जवान घायल हो गए। दुर्घटना के तुरंत बाद, एक बचाव दल मौके पर पहुंचा और घायल जवानों को बाहर निकाला। उन्हें इलाज के लिए बडगाम जिले के चरार-ए-शरीफ शहर के अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया।

अधिकारी ने बताया, डॉक्टरों ने नौ घायलों को विशेष उपचार के लिए श्रीनगर के एसएमएचएस अस्पताल रेफर कर दिया है। चिकित्सकों ने बताया कि घायल जवानों में से दो को गंभीर चोटें आई हैं।

चुनौतीपूर्ण भूभाग पर तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाने के कारण घाटी में सडक़ दुर्घटनाएं होती हैं। वहीं, बुधवार को गंदेरबल जिले में श्रीनगर शहर से 42 किलोमीटर दूर श्रीनगर-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग के मम्मार इलाके में एक निजी कार को तेल टैंकर ने टक्कर मार दी, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि निजी कार का चालक धीमी गति से चल रहे वाहनों की कतार से आगे निकलने की कोशिश कर रहा था और वाहनों को ओवरटेक करते समय विपरीत दिशा से आ रहे एक तेल टैंकर ने कार को सीधी टक्कर मार दी।

पुलिस ने घटना में मामला दर्ज कर तेल टैंकर के चालक को हिरासत में ले लिया है। कार में सवार अन्य दो घायलों का स्थानीय अस्पताल में इलाज कराया गया, जिसके बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। मृतक कार की अगली सीट पर बैठा था, तभी कार सामने से आ रहे तेल टैंकर से जा टकराई।

## नायब सिंह सैनी ने ली हरियाणा के सीएम पद की शपथ

**पंचकूला** । आरएनएस



हरियाणा में लगातार तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार बन गई है। नायब सिंह सैनी ने गुरुवार को हरियाणा के मुख्यमंत्री के रूप में दूसरी बार शपथ ली। उन्हें राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

उन्होंने कुरुक्षेत्र की लाडवा सीट से कांग्रेस के मेवा सिंह को मात देकर चुनाव जीता था। नायब सिंह सैनी के अलावा अनिल विज ने मंत्री पद की शपथ ली है। अनिल विज अंबाला कैंट से विधायक हैं।

इसके अलावा भाजपा विधायक कृष्ण लाल पंवार, राव नरबीर सिंह, महिपाल ढांडा, विपुल गोयल ने भी मंत्री पद की शपथ ली।

सोनीपत सीट की गोहाना सीट से विधायक अरविंद कुमार शर्मा को भी नायब सिंह सैनी मंत्रिमंडल में जगह दी गई है। भाजपा विधायक श्याम सिंह राणा, रणबीर गंगवा, कृष्ण कुमार बेदी, श्रुति चौधरी और आरती सिंह राव ने मंत्री पद की शपथ ली।

नायब सिंह सैनी ने शपथ लेने से पहले पंचकूला स्थित माता मनसा देवी मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना कर मां का आशीर्वाद लिया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, आज शपथ ग्रहण समारोह से पूर्व पंचकूला स्थित माता मनसा देवी मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना कर मां का आशीर्वाद प्राप्त किया और प्रदेश के अपने समस्त परिवार जनों की खुशहाली के लिए कामना की। मां का आशीर्वाद मुझे निरंतर सेवा और समर्पण के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।

पंचकूला के सेक्टर 5 स्थित दशहरा मैदान में हुए नायब सिंह सैनी के शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा, गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल और अन्य सीएम, डिप्टी सीएम, केंद्रीय मंत्री और एनडीए के तमाम नेता मौजूद हैं।

हरियाणा में 5 अक्टूबर को एक चरण में विधानसभा चुनाव हुए थे, जिसमें भाजपा ने 90 में से 48 सीटों पर जीत हासिल की थी, वहीं कांग्रेस ने 37 सीट पर जीत दर्ज की थी।